विद्या आश्रम
कार्यक्रम 2026-29

प्रस्तावित प्रारूप, 21 फरवरी 2026

Latest Draft Program for discussions in the Wednesday meetings

1. **बहुजन केन्द्रित शोध और ज्ञान वार्ताएं**
   - बहुजन दर्शन पर विद्या आश्रम में वार्ता और शोध
   - बहुजन ज्ञान संवाद : समाज में आम लोगों के साथ व्यापक ज्ञान वार्ता, जिसमें लोकस्मृति और बहुजन आख्यान के सन्दर्भ रहें.
   - बहुजन ज्ञान विमर्श : बहुजन ज्ञान संवाद से उत्पन्न बिन्दुओं पर लोकविद्या कार्यकर्ताओं के बीच आपसी विमर्श.
2. **बहुजन स्वराज पंचायत**
   - गाँव/मोहल्ला से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के सभी स्तरों पर बहुजन स्वराज पंचायतों का आयोजन. आभासी पंचायतें भी इसमें शामिल हैं.
   - बहुजन की पहल पर बौद्धिक सत्याग्रह, बहुजन स्वराज और बहुजन आख्यान मुख्य सन्दर्भ हैं और इन पर बातचीत इन पंचायतों में हो.
   - बौद्धिक सत्याग्रह व बहुजन स्वराज के अभियान व इनके इर्द-गिर्द कार्यक्रम बनें .
   - बहुजन आख्यान के घटक लिखने शुरू हो जायें. लगातार वे लोग चिन्हित किये जाएँ, जो सक्रिय सहयोग करेंगे और इन बहुजन स्वराज पंचायतों में अपनी कृतियाँ प्रस्तुत करेंगे.
3. **लोकविद्या जन आन्दोलन**
   - **ज्ञान पंचायतों का निर्माण :** नागपुर ज्ञान पंचायत, बंगलुरु ज्ञान पंचायत, कोलकाता ज्ञान पंचायत और वाराणसी ज्ञान पंचायत.
   - **बौद्धिक सत्याग्रह अभियान : भाषाई क्षेत्रों में ज्ञान और राजनीति के बीच सम्बन्ध पर व्यापक संवाद चलाना बौद्धिक सत्याग्रह है.** हिंदी, बंगला, मराठी, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम भाषा बोलने वाले लोग विद्या आश्रम में हैं. इन भाषाओँ में यह संवाद शुरू किया जाए. ज्ञान के क्षेत्र में बहुजन की दखल व पढ़े-लिखे लोगों के बीच बौद्धिक सत्याग्रह पर व्यापक चर्चा और इनके मार्फ़त उन लोगों की पहचान, जो व्यापक ज्ञान आन्दोलन के समर्थक हैं .
   - **समाज सृजन के कला मार्ग : 'सुर साधना'** पत्रिका का प्रकाशन, कलाकारों व कला पत्रकारों से संपर्क तथा कला ज्ञान पंचायतों का आयोजन कर समाज सृजन के नैतिक पथ खोलने के प्रयास हों..
   - **किसान आन्दोलन और अन्य जन आन्दोलनों में भागीदारी :** लोकविद्या , संत परम्परा, बहुजन स्वराज तथा न्याय, त्याग और भाईचारा व बौद्धिक सत्याग्रह के विचार विशेष तौर पर किसान आन्दोलन में ले जाना.
4. **प्रकाशन :** विचार और कार्य से सम्बंधित विभिन्न भाषाओं में पत्रक, पुस्तिकाएं और लेखों को प्रकाशित करना व संवाद चलाना.
5. **Global Dialogue on the New Trend (Knowledge and Politics):** The ideas given below may be considered to develop the focus and the spread of this on-line global dialogue.
   - **Knowledge :** With Artificial Intelligence (AI) the world of knowledge is disturbed in an entirely new way. We had argued earlier that with the rise of internet-www, knowledge management and social media, the communication and organization of knowledge had taken over the place of 'content' in science. It was accompanied by sacrificing 'truth' at the alter of the market and the emergence of the idea of post-truth. With the rise of AI new ways of production of knowledge (doing science) seem to have appeared. Lokavidya

perspective needs to develop further to take a view of these developments. Intuitively it appears that working out a sufficiently inclusive idea of Multiple Knowledge Traditions and Bauddhik Satyagraha may steer our way to greater clarity.

- **Politics :** Multipolar World, Civilizational State, Sovereignty, Plurinational State, Buen Vivir, Rights of Mother Earth, Rights of Nature, Marcosur (South America), Mandal (SE Asia), variety of local organisational forms in Africa, local alliances for order and stability, the concept of local order in complex systems (Ilya Prigogine), Food Sovereignty are the new ideas in the global political debate. Can we enter this debate with the ideas of Lokavidya, Bahujan, Swaraj, Autonomy, Ordinary Life, Panchayat, Multiple Knowledge Traditions and Bauddhik Satyagraha.

6. **संगठन :** इस कार्यक्रम को प्रभावी आकार देने की दृष्टि से विद्या आश्रम का पुनर्संगठन किया जाए.
    - नए अध्यक्ष, समन्वयक और कोषाध्यक्ष का चुनाव किया जाए.
    - भाषाई क्षेत्रों की इकाइयों के मार्फ़त मूल संरचना (rhizome like यानि अदरक जैसी) बनाई जाये. विद्या आश्रम की कार्यकारिणी में इन सभी क्षेत्रों से लोग हों.

•